ओडिशा

सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए बुनियादी ढांचे होंगे मजबूत : उपमुख्यमंत्री सिंहदेव

भुवनेश्वर, (निप्र) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी देश बन गया है। इसमें ओडिशा का योगदान काफी बढ़ रहा है। विकसित ओडिशा के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ने के लिए हमें हरित ऊर्जा, अक्षय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना होगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत सब्सिडी के माध्यम से छतों पर सोलर पैनल लगाने के साथ-साथ पूरे ओडिशा में इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए ईवी स्टेशनों के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए जल्द ही ओडिशा ईवी नीति लाई जाएगी, ऐसा उपमुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री कनक वर्धन सिंहदेव ने कहा। इस संदर्भ में सर्वोटेक नामक कंपनी ने आज लोक सेवा भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में उपमुख्यमंत्री सिंहदेव से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन और ईवी स्टेशनों के निर्माण पर एक प्रेजेंटेशन दिया। ओडिशा का बिजली बुनियादी ढांचा काफी मजबूत है। ओडिशा की तीन डिस्कॉम ने देश की शीर्ष 10 बिजली वितरण कंपनियों में जगह बनाई है, जबकि एक अन्य ने शीर्ष 15 में जगह बनाई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य ने भी ओडिशा के बिजली प्रबंधन मॉडल को अपनाने में रुचि दिखाई है। प्रतिनिधियों को पहले ही फील्ड विजिट कराया जा चुका है। बैठक में वित्त विभाग के प्रधान सचिव शाश्वत कुमार मिश्र, ग्रिडको के प्रबंध निदेशक त्रिलोचन पंडा, सर्वोटेक कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री रमन भाटिया, नितिन परेरा, ऊर्जा विभाग, ग्रिडको, टाटा पावर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

पूरे ओडिशा में बनेंगे ईवी स्टेशन

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 90 हजार की साइबर ठगी

ब्रह्मपुर, (संवाद सूत्र) : क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला से 90 हजार रुपये ठग लिए। यह मामला तब सामने आया जब ठगी का शिकार हुई महिला ने बड़ा बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों के अनुसार, सोमनाथ नगर की रहने वाली 41 वर्षीय महिला के पास कई क्रेडिट कार्ड हैं। गत सात तारीख को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एचडीएफसी बैंक का

कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताया। चूंकि कॉल उस नंबर से आया था, जिसे एचडीएफसी का कस्टमर सर्विस नंबर दिखाया गया, इसलिए महिला ने उस व्यक्ति से बातचीत शुरू कर दी।

उस व्यक्ति ने कहा कि महिला के नाम पर मौजूद क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर है। इसके बाद उसने महिला से क्रेडिट कार्ड की फोटो भेजने और वीडियो कॉल में जुड़ने को कहा। वीडियो कॉल पर उस व्यक्ति के कहे अनुसार महिला ने अपने कार्ड से जुड़ी सारी जानकारी, ओटीपी और अन्य विवरण साझा किए। कुछ समय बाद महिला के एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड से 80,216 रुपये की कटौती हो गई। बाद में उन्हें पता चला कि किसी ने उनके कार्ड का उपयोग कर फ्लिपकार्ट से इतनी राशि की खरीदारी की है। इसके बाद एक अन्य क्रेडिट कार्ड से भी 9,780 रुपये कट गए।

शराब बिक्री बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

सानखेमुंडी, (संवाद सूत्र) : पाटपुर थाना क्षेत्र के डेंगाड़ी गांव में अवैध शराब बिक्री बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के हाईस्कूल के सामने एक युवक लंबे समय से एक छोटी दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। इससे गांव के युवा वर्ग से लेकर कई वृद्ध नकली शराब का सेवन कर विभिन्न प्रकार की परेशानियों से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने पहले कई बार उस दुकानदार को शराब बेचना बंद करने के लिए कहा, लेकिन उसने पहले की तरह से कारोबार जारी रखा। इसके विरोध में, बुधवार को बड़ी संख्या में गांव के युवक, महिलाएं और पुरुष एकत्र होकर गांव में पूर्ण शराबबंदी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गांव के चौक पर रास्ता अवरुद्ध कर दिया, जिससे हिंजिली-जगन्नाथपुर मार्ग पर कई वाहन फंसे और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पाटपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाकर शांत किया। थाना प्रभारी दीप्तिरंजन बेहेरा ने बताया कि समझाइश के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।

एसपी की फटकार के बाद मानसिक तनाव में एसडीपीओ, अस्पताल में भर्ती

दे डाली आत्महत्या करने की धमकी

➡ **पूर्वांचल डीआईजी ने एसडीपीओ से की मुलाकात**

जलेश्वर, (संवाद सूत्र) : जिलास्तरीय बैठक में खुलेआम अपमान और निलंबन की चेतावनी के बाद मानसिक तनाव में आए जलेश्वर एसडीपीओ ब्रजमोहन प्रधान ने आत्महत्या की धमकी दी। फिलहाल वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती हैं और यह मामला प्रशासनिक गलियारों में तीखी चर्चा का विषय बन गया है। उल्लेखनीय है कि यह घटना 6 मई को जिलाधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय प्रशासनिक बैठक में हुई। बैठक में जिलाधिकारी, एसपी, सांसद, विधायक, एडीएम, उपजिलाधिकारी, जिले के सभी एसडीपीओ, आईआईसी, तहसीलदार, बीडीओ और माइनिंग अधिकारी शामिल हुए थे। बैठक के दौरान एसपी राजप्रसाद ने रायबणिया थाने की प्रभारी ज्योत्स्नारानी पात्र के साथ कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इसी बीच एसपी अचानक उग्र हो गए और एसडीपीओ ब्रजमोहन प्रधान को भरी बैठक में गालियां दीं और विभागीय कार्रवाई के साथ उन्हें निलंबित करने की चेतावनी दी। इस अपमानजनक व्यवहार के चलते प्रधान मानसिक रूप से टूट गए और बाद में उन्होंने कहा कि यदि उन्हें निलंबित किया गया तो वे आत्महत्या कर लेंगे। बताया जा रहा है कि कुछ अधिकारियों ने उन्हें जिला छोड़ने की सलाह भी दी। प्रधान कंधमाल जिले के रहने वाले हैं और 58 वर्ष की उम्र में उन पर जलेश्वर एसडीपीओ के साथ-साथ एसपी कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार भी था, जिससे वे लगातार कार्यभार के दबाव में थे। उन्होंने यह बात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी बताई थी। इस मानसिक तनाव के कारण वे कुछ दिनों से चिंता में थे और बुधवार को अचानक उनका रक्तचाप बढ़ गया, जिससे उन्हें बालेश्वर के जीके भट्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोपहर में पूर्वांचल डीआईजी सत्यजीत नायक ने अस्पताल जाकर उनका हालचाल जाना और बयान दर्ज किया। घटना के फैलने के बाद एडिशनल एसपी देवजीत दास, पुलिस अधिकारी परशुराम साहू, तहसीलदार गौरांग घोष, आईआईसी जयंत बेहरा समेत कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और उनका हाल जाना। यह मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। जब प्रधान से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन पर अवैध बालू कारोबारियों से चंदा लेने और कानून व्यवस्था को सही से न संभालने का आरोप लगाकर उन्हें जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के सामने अपदस्थ किया गया, जिससे वे मानसिक रूप से टूट गए हैं।

यात्री वाहन पलटने से दो महिलाओं की मौत, कई घायल

गंजाम, (संवाद सूत्र) : गंजाम जिले में मंगलवार रात को यात्रियों से भरे वाहन के पलट जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह घटना जिले के असिका में कोटीनड़ा थाना के पास हुई। मृतकों की पहचान भेटनई गांव के गायत्री गौड़ (25) और सरोजिनी साहू (50) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित 20 से अधिक ग्रामीणों के एक समूह का हिस्सा थे, जो एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए सनखोली गांव में गए थे। जब वे कार्यक्रम से लौट रहे थे, तब हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन अत्यधिक लोड था और कथित तौर पर बदाखुली और भेटनई के बीच के हिस्से में इसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह पलट गया। मौके पर ही दोनों महिलाओं की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने यह हादसा देख घायलों को बचाने में मदद की और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और बचाव अभियान और प्रारंभिक जांच शुरू की। हालांकि, गंभीर रूप से घायल सात मरीजों को बाद में उन्नत उपचार के लिए ब्रह्मपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इस बीच, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आसिका पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

जनसुनवाई शिविर में 74 शिकायतें प्राप्त

पारलाखेमुंडी, (संवाद सूत्र) : गजपति जिले के गुम्मा प्रखंड अंतर्गत उखुरा ग्राम पंचायत के सम्मेलन कक्ष में ग्रामीण प्रशासन के साथ संयुक्त जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जिलाधिकारी विजय कुमार दास, पुलिस अधीक्षक यतींद्र कुमार पंडा प्रमुख उपस्थित रहे। इस शिविर में उखुरा पंचायत सहित तारभा, गुम्मा और गाइबा पंचायतों से कुल 74 शिकायत पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 32 व्यक्तिगत शिकायतें और 42 ग्रामीण समस्याएं थीं। तीन लाभार्थियों को रेडक्रॉस फंड से 30,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस सुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा, जमीन पट्टा, मनरेगा, घर निर्माण, राशन कार्ड, शिक्षा, जल सिंचाई, स्वास्थ्य और सड़क जैसी समस्याओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इस दौरान जिलाधिकारी ने अन्य सभी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया।

बाइक चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

ब्रह्मपुर, (संवाद सूत्र) : सदर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान बड़बाजार क्षेत्र के राजा दास (21), लक्ष्मण पात्र (19) और नरसिंह साहू (19) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुकुड़ाखंडी मुख्य सड़क के पास स्थित एक मकान में दिनेश कुमार नामक युवक किराये पर रह रहे थे। 20 अप्रैल की रात, उन्होंने अपनी बाइक को घर के सामने पार्क किया था। अगली सुबह 21 अप्रैल को उन्होंने देखा कि बाइक वहां से चोरी हो चुकी है। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता न चलने पर, दिनेश ने बड़बाजार थाना में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के दौरान, उपरोक्त तीनों आरोपियों के बाइक चोरी में संलिप्त होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने एक-एक कर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक चोरी की गई बाइक बरामद किया।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2025-T-246

कार्य का नाम : संबलपुर मण्डल के जुजुमुरा - केरेजंग सेक्शन में चारमाल, बामुर और हण्डपा स्टेशनों पर TM साइडिंग के विकास के संबंध में बामुर, चारमाल और हण्डपा स्टेशनों पर ट्रैक मशीन स्टाफ सुविधाओं के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य।

कार्य का अनुमानित लागत ₹ 44,19,367.16, **EMD :** ₹ 88,400.00, कार्य पूरा होने की अवधि : स्वीकृतिपत्र जारी होने कि तिथि से छह महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 30.05.2025 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सा) / सम्बलपुर

PR-124/Q/25-26

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला 768 020, जिला सम्बलपुर, ओड़िशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट http://www.mahanadicoal.in

सूचना

"सामग्रीयों की खरीद कार्यो एवं सेवाओं के लिए सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है या इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

R-5253

दुकानदार पर हमला व पैसे लूटने के आरोप में एक गिरफ्तार

ब्रह्मपुर, (संवाद सूत्र) : बड़बाजार थाना पुलिस ने दुकानदार पर हमला कर पैसे लूटने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सारगुणासाही का प्रशांत पाढ़ी (40) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़बाजार नारायण नगर सेकंड लाइन निवासी सुनीत कुमार पाढ़ी (45) की सारगुणासाही में दुकान है। 8 मई को जब सुनीत अपनी दुकान बंद कर रहा था तो आरोपी प्रशांत उसकी दुकान पर गया, उसके साथ गाली-गलौज की और उससे कहा कि मेरे दुश्मनों को दुकान में क्यों बैठा रहे हो। इसके बाद उसने सुनीत पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान आरोपी प्रशांत ने उक्त दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ दुकान से 6,000 रुपये लूट लिये। जब सुनीत जान बचाने के लिए चिल्लाया तो आरोपी वहां से भाग गया। चीख-पुकार सुनकर सुनीत का बेटा और स्थानीय लोग आए और घायल सुनीत को बचाया तथा उसे शहर के अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उन्होंने घटना के संबंध में बड़बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई।

बटेश्वर समुद्र तट पर लगा प्रतिबंध हटा

अंडों की सुरक्षा के लिए पर्यटकों को सतर्क रहने की दी सलाह



गंजाम, (संवाद सूत्र) : वनविभाग ने बटेश्वर समुद्र तट पर ओलिव रिडले कछुओं के प्रजनन काल में पर्यटकों की आवाजाही पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। वन अधिकारी तपन नंद ने बताया कि अब पर्यटक बेझिझक समुद्र तट पर घूम सकते हैं। हालांकि अभी भी कुछ अंडे बालू में दबे हुए हैं और एक सप्ताह के भीतर उनसे बच्चे निकल सकते हैं। इसलिए उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि वे सतर्कता और सावधानी बरतें। उल्लेखनीय है कि गंजाम जिले के बटेश्वर समुद्र तट पर दुर्लभ ओलिव रिडले कछुओं के आगमन, अंडा देने और समुद्र में लौटने की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए लंबे समय तक आम जनता के प्रवेश पर रोक थी। कछुओं की सुरक्षा के लिए पहले से ही वनकर्मियों की नियुक्ति की गई थी। जब तक कछुए आते, अंडे देते और समुद्र में लौटते नहीं, तब तक किसी भी पर्यटक को तट पर जाने की अनुमति नहीं थी। इस वजह से हजारों पर्यटक जो मंदिर दर्शन के लिए आते थे, समुद्र तट पर न जा पाने के कारण निराश होकर लौट जाते थे। अब वन विभाग ने जानकारी दी है कि तट पर घूमने की अनुमति दे दी गई है। इस संबंध में बटेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति ने वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की थी।

मोहना विस क्षेत्र एक बार फिर सुर्खियों में

बीजेडी में स्थानीय नेताओं की उपेक्षा व बाहरी नेताओं के तरजीह से नाराजगी

➡ **हजारों कार्यकर्ता छोड़ सकते हैं पार्टी**

मोहना, (संवाद सूत्र) : गजपति जिले का मोहना विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर राजनीतिक हलचलों का केंद्र बनता नजर आ रहा है। क्षेत्र में बीजू जनता दल (बीजेडी) द्वारा स्थानीय नेताओं की उपेक्षा और बाहरी नेताओं को तरजीह देने से गहरी नाराजगी फैल गई है। खबरें हैं कि यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बीजेडी को हजारों कार्यकर्ताओं के पलायन का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि गजपति जिला का मोहना विधानसभा क्षेत्र ओडिशा का एक चर्चित निर्वाचन क्षेत्र है। यह क्षेत्र कई बार विपक्षी पार्टियों के हाथों में रहा है। वर्तमान में लगातार दो बार कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार यहां से विधायक चुने गए हैं। ऐसी खबरें आ रही हैं कि बीजेडी पार्टी इस क्षेत्र के नेताओं की उपेक्षा कर रही है, जिससे चुनाव प्रभावित हो सकता है। बाहर से आए नेता इस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव संचालन कर रहे हैं, जिससे स्थानीय नेता असंतुष्ट हो रहे हैं। वर्तमान में, बीजेडी के वरिष्ठ नेताओं को अनदेखी कर राज्यस्तरीय संगठन द्वारा किसी को भी सदस्यता नहीं देने से स्थानीय नेताओं में नाराजगी देखी जा रही है। इसलिए जिला और राज्यस्तरीय नेताओं से यह मांग की जा रही है कि वरिष्ठ नेताओं को राज्य व जिला कमेटी में उचित स्थान दिया जाए ताकि मोहना क्षेत्र में पार्टी की स्थिति मजबूत बनी रहे। सूत्रों के अनुसार, मोहना विधानसभा क्षेत्र चार प्रखंडों मोहना, आर उदयगिरी, नुआगड़ और रायगढ़ को मिलाकर बना है। इनमें से सबसे बड़ा प्रखंड मोहना है, जिसमें 39 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में बीजेडी ब्लॉक अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कई आशावान उम्मीदवार सामने आए हैं। माना जा रहा है कि मोहना प्रखंड अध्यक्ष बनने की चाहत रखने वाले लोग अपने-अपने समर्थकों के साथ बैठकें कर राज्य व जिलास्तरीय नेताओं पर दबाव बना रहे हैं। इसलिए, जिला व राज्य कमेटी यदि मोहना प्रखंड के वरिष्ठ, युवा, छात्र, महिला और अन्य कार्यकर्ताओं को एकत्र कर एक सर्वसम्मत अध्यक्ष चुनती है, तो आने वाले समय में पार्टी पूरे बल के साथ संचालन कर पाएगी और अच्छा प्रदर्शन करेगी।

बसु विज्ञान मंदिर / BOSE INSTITUTE
कोलकाता / KOLKATA

विज्ञापन संख्या : बीआई नेट-जेआरएफ/01/2025-26
ADVT.NO.: BI/NET-JRF/01/2025-26

पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश सूचना
ADMISSION NOTICE IN FULL-TIME PHD PROGRAMME

बसु विज्ञान मंदिर, कोलकाता रासायनिक विज्ञान, जैविक विज्ञान और भौतिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए समर्पित है। संस्थान में किए जा रहे विभिन्न शोध विषयों में पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत आवश्यकताएँ, पात्रता मानदंड और ऑनलाइन आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट www.jcbose.ac.in/applications/PHD-ADMISSION पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22/05/2025 है।

Bose Institute, Kolkata is dedicated to research in Chemical Sciences, Biological Sciences and Physical Sciences. Applications are invited for full-time Ph.D. programme in various research disciplines being pursued at the Institute. The detailed requirements, eligibility criteria and online application form are available on the Institute website www.jcbose.ac.in/applications/PHD-ADMISSION/. The last date for submission of online application is **22/05/2025**.

Sd/-
रजिस्ट्रार (स्थानापन्न) / Registrar (Officiating)

CBC-36119/11/0001/2526